भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 241

24 जुलाई, 2024 के लिए प्रश्न

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभार्थी

241. डॉ. बायरेड्डी शबरी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अंतर्गत लाभार्थियों की कुल संख्या से संबंधित डेटा है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की 'एक राष्ट्र एक राशन कार्ड' योजना कार्यान्वित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आंध्र प्रदेश में राशन कार्डों को आधार के साथ जोड़ने का कार्य पूरा हो गया है और यदि हां, तो नंद्या जिला से संबंधित ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार के पास संपूर्ण आंध्र प्रदेश में राशन व्यवस्था में अंत्योदय श्रेणी से अन्य श्रेणी में परिवर्तित किए गए लोगों की संख्या के बारे में डेटा है; और

(ड.) यदि हां, तो इस संबंध में नंद्याल हेतु ब्यौरे सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): जी हाँ, एनएफएसए कार्ड का जिला-वार डाटा अनुबंध में संलग्न है।

(ख): एक राष्ट्र एक राशन कार्ड (ओएनओआरसी) के नाम से लोकप्रिय राशन कार्ड की राष्ट्रव्यापी पोर्टेबिलिटी को आंध्र प्रदेश सहित सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित किया गया है। ओएनओआरसी पहल विशेष रूप से ऐसे प्रवासी मजदूरों, आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) आदि के लिए लाभकारी साबित हो रही है, जो अस्थायी रोजगार की तलाश में अक्सर अपना निवास स्थान बदलते रहते हैं। इस पहल के तहत, एनएफएसए लाभार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल (ईपीओएस) उपकरण पर बायोमेट्रिक प्रमाणन के साथ अपने मौजूदा राशन कार्ड/आधार कार्ड का उपयोग करके देश में कहीं भी, अपनी पसंद की किसी भी उचित दर दुकान (एफपीएस) से अपने पात्र खाद्यान्न

....2/-

का उठान करने का अधिकार दिया गया है। ओएनओआरसी योजना ऐसे प्रवासी एनएफएसए लाभार्थियों के परिवार के सदस्यों को उसी राशन कार्ड पर उनके घर पर (गांव/गृह नगर में) आंशिक/शेष खाद्यान्न का उठान करने के लिए समर्थ बनाता है।

(ग): जी हाँ, आंध्र प्रदेश में राशन कार्डों को आधार के साथ जोड़ने का कार्य पूरा हो चुका है। नंद्याल जिले के एनएफएसए राशन कार्डों में 14,90,144 यूनिट्स को आधार के साथ जोड़ने का कार्य पूरा हो चुका है।

(घ): केन्द्रीय रेपोजिटरी में ऐसा कोई डाटा संभाला नहीं जाता है।

(ङ.): प्रश्न नहीं उठता है।

******

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 24.07.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 241 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध।

आंध्र प्रदेश में एनएफएसए राशन कार्ड का जिला-वार डाटा

क्र.सं.	जिला	एनएफएसए					
		एएवाई		पीएचएच		कुल	
		कार्ड	यूनिट्स	कार्ड	यूनिट्स	कार्ड	यूनिट्स
1	अल्लूरी सीताराम राजू	61,214	2,05,016	2,28,234	6,65,177	2,89,448	8,70,193
2	अनकापल्ली	26,680	66,482	4,81,496	13,69,350	5,08,176	14,35,832
3	अनंतपुर	53,050	1,53,025	5,54,310	17,45,975	6,07,360	18,99,000
4	अन्नामय्या	40,232	1,13,257	4,18,735	12,89,179	4,58,967	14,02,436
5	बापटला	21,995	48,714	1,31,447	3,62,257	1,53,442	4,10,971
6	चित्तूर	39,726	1,23,533	4,57,521	14,64,080	4,97,247	15,87,613
7	पूर्वी गोदावरी	21,302	44,594	1,26,943	3,57,879	1,48,245	4,02,473
8	एलुरु	35,457	80,998	1,78,270	5,12,039	2,13,727	5,93,037
9	गुंटूर	24,208	52,734	1,48,915	4,25,898	1,73,123	4,78,632
10	कडपा	36,608	99,948	5,01,436	15,45,618	5,38,044	16,45,566
11	काकीनाडा	23,186	48,679	1,18,777	3,35,835	1,41,963	3,84,514
12	कोनसीमा	24,501	56,939	1,38,476	3,98,705	1,62,977	4,55,644
13	कृष्णा	30,231	69,379	1,24,316	3,48,097	1,54,547	4,17,476
14	कुर्नूल	43,267	1,56,514	5,65,175	18,84,945	6,08,442	20,41,459
15	मन्यम	55,939	1,70,263	2,06,794	6,20,169	2,62,733	7,90,432
16	नंद्याल	29,327	79,143	4,65,440	14,11,001	4,94,767	14,90,144
17	नेल्लोर	40,319	89,958	1,99,540	5,66,175	2,39,859	6,56,133
18	एनटीआर	22,868	59,001	1,49,061	4,39,222	1,71,929	4,98,223
19	पलनाडु	30,406	72,996	1,59,017	4,67,224	1,89,423	5,40,220
20	प्रकाशम	32,807	87,442	5,66,152	17,05,077	5,98,959	17,92,519
21	श्री बालाजी	38,854	97,216	4,10,033	11,87,038	4,48,887	12,84,254
22	श्रीकाकुलम	36,332	96,746	5,83,429	17,54,222	6,19,761	18,50,968
23	श्री सत्य साई	49,863	1,41,748	4,73,221	14,62,310	5,23,084	16,04,058
24	विशाखापट्टनम	11,965	31,511	1,20,984	3,63,963	1,32,949	3,95,474
25	विजयनगरम	37,687	96,866	5,09,411	14,87,544	5,47,098	15,84,410
26	पश्चिम गोदावरी	31,641	71,904	1,05,133	2,95,220	1,36,774	3,67,124
कुल		**8,99,665**	**24,14,606**	**81,22,266**	**2,44,64,199**	**90,21,931**	**2,68,78,805**

******